भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2844**
जिसका उत्तर 12.12.2024 को दिया जाना है

## भारतमाला परियोजना में एक्सप्रेसवे

2844. श्री संतोष पांडेयः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) भारतमाला परियोजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में रायपुर और हैदराबाद के बीच प्रस्तावित एक्सप्रेसवे की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ख) एक्सप्रेसवे के निर्माण हेतु अधिग्रहण के लिए चयनित भूमि को रद्द किए जाने के क्या कारण हैं;
(ग) सरकार द्वारा उक्त परियोजना के अंतर्गत अब तक कितनी धनराशि व्यय की गई है, और
(घ) इस परियोजना को फिर से शुरू करने की संभावना क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) रायपुर और हैदराबाद के बीच पहुंच नियंत्रित संपर्कता के लिए पूर्व में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) सौंपी गई थी और डीपीआर पर 1.83 करोड़ रु. व्यय किया गया है। वन एवं वन्यजीव क्षेत्रों से होकर गुजरने वाले पर्याप्त लंबाई और संरेखण से संबंधित अन्य संबद्ध जटिलताओं को ध्यान में रखते हुए डीपीआर समय से पहले बंद कर दिया गया।

(घ) राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) का विकास एक सतत प्रक्रिया है। सरकार को राष्ट्रीय राजमार्गों/एक्सप्रेसवे की घोषणा/उन्नयन/विकास के लिए प्रस्ताव/आवश्यकता प्राप्त होते रहते है, जिनका आकलन किया जा रहा है। मानदंडों के पूरा किए जाने, संपर्कता की आवश्यकता, परस्पर प्राथमिकता, निधियों की उपलब्धता के आधार पर पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान के अनुरूप निर्णय लिए जाते हैं।

*****